Seventeenth Loksabha

an>

Title : Issue regarding non-receipt of Kisan Samman Nidhi by farmers in Rajasthan .

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि राजस्थान में वर्तमान पी.एम.-किसान स्कीम के जो पैसे हैं, उन्हें राजस्थान सरकार किसानों को पूरा नहीं पहुंचा रही है ।

आपसे मुझे इतना ही निवेदन है, क्योंकि आप हमारे संरक्षक हैं । हमारे केन्द्रीय मंत्री जी भी यहां बैठे हुए हैं । मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जो पी.एम. किसान योजना है, माननीय मोदी जी का कहना है कि गरीब किसानों को छह हजार रुपये मिलना चाहिए । वर्तमान की राज्य सरकार, जो अशोक गहलोत की सरकार है, जो कांग्रेस की सरकार है, अब तक किसानों तक यह राशि नहीं पहुंचा रही है । मैं आपसे इतना ही निवेदन करूंगा कि यह राशि हमारे किसानों तक पहुंचायी जाए, ताकि हमारे किसानों का भला हो ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री रामचरण बोहरा को श्री दुष्यंत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): अध्यक्ष महोदय, आपसे मेरी प्रार्थना है कि किसान सम्मान निधि का पैसा किसानों को मिलना चाहिए । देश के प्रधान मंत्री जी ने किसानों की समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण योजना बनायी है । जहां भी बीजेपी की सरकार नहीं है, वहां की सरकार वहां के किसानों के खाते में वह राशि नहीं पहुंचा रही है ।…(व्यवधान) आप बैठ जाइए । यह आपका विषय नहीं है । …(व्यवधान) मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आपकी तरफ से किसी तरह का कोई निर्देश होना चाहिए ।…(व्यवधान)